बाबा तू मेरा उद्धार कर दे | By Vijay Soni |

बाबा तू मेरा उद्धार कर दे
डगमग डोले नैया पार कर दे

छोड़ तेरा द्वार और जाऊँ कहाँ
बोल अपनी विनती सुनाऊँ कहाँ
कबसे खड़ा हूँ मैं द्वार तेरे
खाली मेरी झोली तू आज भर दे
बाबा तू मेरा उद्धार कर दे
डगमग डोले नैया पार कर दे

भक्तों को बाबा मालामाल करे तू
जो भी आए उसको निहाल करे तू
सिर को झुकाया मैं आया यहाँ
बाबा मेरे सिर पे तू हाथ धर दे
बाबा तू मेरा उद्धार कर दे
डगमग डोले नैया पार कर दे

भीड़ बड़ी होती तेरे दरबार में
दानी नहीं तुझसा है संसार में
देख ले तू बाबा नजर भर के
मुझपे भी अपनी नजर कर दे
बाबा तू मेरा उद्धार कर दे
डगमग डोले नैया पार कर दे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%89%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-vijay-son/